समर एक्सप्रेस



# पगड़ी के अपमान की अफवाह के बाद सेंट्रल जेल में उग्र हुए कैदी, क्यारियों से उखाड़ चलाये ईंट- पत्थर

## हमले में घायल सुपरिंटेंडेंट और डिप्टी सिक्योरिटी की हालत स्थिर, पुलिस ने 24 कैदियों को हिरासत में लिया

**दलजीत/ लक्की | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

मंगलवार के शाम लुधियाना की सेंट्रल जेल में हुए दो गुटों की झड़प के बाद चले ईट पत्थर मामले जेल को दो गजटेड अधिकारी सहित तीन अन्य पुलिस कर्मी घायल हुए है। जिन्हें चंडीगढ़ रोड स्थित अकाई अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। इस दौरान जेल सुपरिंटेंडेंट कुलवंत सिंह के सिर पर और डिप्टी सिक्योरिटी जगजीत सिंह को गहरी चोट आई है मगर उनकी हालत अब स्थिर है मीडिया को जानकारी देते सीपी स्वप्न शर्मा ने बताया कि इस मामले में तत्पर कार्यवाही करते सहायक जेल सुपरिंटेंडेंट विजय कुमार के बयान के आधार पर 24 लोगों के ख़िलाफ़ थाना डिवीजन सात में एफ़आईआर दर्ज कर आरोपियों को नामजद कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

कैदी द्वारा पगड़ी के अपमान की अफ़वाह उड़ाने पर हुए कैदी उग्र दोनों गुटों के बदमाशों की मंगलवार 16 दिसंबर की दोपहर के समय भी आपस में किसी बात को लेकर लड़ाई हुई थी। शाम को जब जेल अधिकारी चेकिंग पर गए और इनमें से कुछ बदमाशों को पनीशमेंट वार्ड से बाहर निकाला जा रहा था। खुले मैदान में इनसे अधिकारी लड़ाई का कारण पूछ रहे थे।इतने में एक युवक ने अपनी पगड़ी नीचे उतार कर फेंक दी। वह चिल्लाने लगा कि पुलिस धक्केशाही कर रही है।पगड़ी का अपमान किया है।और यह बात कह जेल में अन्य कैदियों को भड़का दिया।

इस दौरान पगड़ी के अपमान के बात को सुनकर जेल में सौ से अधिक कैदी उग्र हो गए। और उन्होंने वहाँ क्यारियो में लगी ईट पत्थर उखाड़ कर जेल कर्मियों पर बरसाने शुरू कर दिए। सूत्रों मुताबिक जेल में हालात बिगड़ने पर सुरक्षा कर्मियों ने हूटर बजा दिए। पुलिस ने भी हालात सामान्य करने के लिए ओपन फायर किए। यहां बता दें कि जेल में ये झड़प का कोई पहला मामला नहीं है।अक्सर जेल में खूनी झड़प होती है। जेल में अधिकारियों की ढीली कार्यशैली का नतीजा है कि आज बदमाश जेल में पुलिस अधिकारियों पर भारी पड़ रहे है।




मीडिया को जानकारी देते सीपी स्वप्न शर्मा और जेल सुप्रीडेंट कुलवंत सिंह का फ़ाइल फ़ोटो। -समर न्यूज़

**▪ 2019 में भी हो चुका जेल में हमला...**

इससे पहले 2019 में भी जेल में दो गुटों के बीच खूनी झड़प हुई थी जिसमे कई राउंड गोलिया चली थी इस इस झड़प के दौरान पुलिस के दो अधिकारी एसीपी संदीप वढ़ेरा और डीएसपी राजिंदर सिंह बुरी तरह से घायल हुए थे।यदि समय रहते इस बार भी जिला पुलिस फोर्स बड़ी संख्या में ना पहुंचती तो हालात 2019 जैसे

# जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण ने स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता क्विज प्रतियोगिताएं करवाई



**समर न्यूज़ | लुधियाना**

जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा यूथ अगेंस्ट ड्रग्स अभियान के अंतर्गत लुधियाना जिला सहित उप-मंडलों खन्ना, पायल, समराला और जगराओं के विभिन्न स्कूलों में नशा विरोधी जागरूकता के लिए क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसके अतिरिक्त, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, लुधियाना सुमित सभरवाल ने पंजाब यूनिवर्सिटी रीजनल सेंटर की निदेशक मैडम आशीष विरक, प्रोफेसर अदिति शर्मा तथा कानून के विद्यार्थियों के साथ नशा विरोधी अभियान को लेकर विचार-विमर्श किया। इस दौरान नशे के दुष्प्रभावों और इससे निपटने में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

सचिव सभरवाल ने लुधियाना जिला और उप-मंडल जगराओं में स्थित डी-एडिक्शन सेंटर्स का भी दौरा किया। उन्होंने वहां उपचाराधीन मरीजों से नशा छोड़ने की अपील की और बताया कि नशा किस तरह व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है।

उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अपने साथियों को जागरूक कर नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं और देश के भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने अभियान के तहत जारी टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी।

सचिव सभरवाल ने बताया कि माननीय सदस्य सचिव, पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण, एस.ए.एस. नगर तथा माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, लुधियाना के दिशा-निर्देशों के अनुसार 6 दिसंबर 2025 को 'नशों के विरुद्ध युवा' अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया था, जो 6 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा।

# कोहरे की चादर से लिपटा लुधियाना, यातायात रहा धीमा



**लुधियाना|** आज सुबह लुधियाना घने कोहरे की चादर में लिपटा रहा, कई जगहों पर सुबह के वक्त दृश्यता में तेज गिरावट दर्ज हुई और यातायात धीमा पड़ा। मौसम विभाग ने पंजाब में 17–20 दिसंबर के बीच सुबह के घंटे में घना से बहुत घना कोहरा रहने की चेतावनी जारी की है। शहर और आस-पास के इलाकों में आज तड़के घना कोहरा छाया रहा, जिससे सड़कों पर दृश्यता कम हुई और लोगों को वाहन धीमे चलाने पड़े। दिन में तापमान करीब 22–26C और न्यूनतम लगभग 12C दर्ज/अनुमानित है, जबकि दोपहर तक आंशिक बादल या धूप निकलने के आसार रहे।



-लक्की भट्टी

### लक्ष्मी लेडीज क्लब का खास कॉफी सेशन बना यादगार

# रैंप वॉक से म्यूज़िक तक, महिलाओं ने बिखेरा जलवा

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

लक्ष्मी लेडीज़ क्लब की ओर से एक खास कॉफी सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें फैशन शो से लेकर स्वादिष्ट खान-पान, संगीत और डांस तक हर रंग देखने को मिला। क्लब की सदस्याओं ने आकर्षक परिधानों में रैंप वॉक किया और मनोरंजक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को एक-दूसरे से जोड़ते हुए मनोरंजन और आपसी संवाद का अवसर प्रदान करना था। इसके साथ-साथ ओनर सर्जीवन होजरी की कोट्स और जैकेट्स थीम पर भी फैशन शो प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने खूब सराहा। कार्यक्रम में तंबोला का भरपूर आनंद लिया गया और कई तरह के *लकी ड्रा* भी निकाले गए। सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और पूरे आयोजन में मस्ती और उत्साह बना रहा।इस विशेष अवसर पर पद्मश्री राजनी बेक्टर जी, क्लब की प्रेसिडेंट अनुपमा गुप्ता, सेक्रेटरी शेली गोयल, वाइस प्रेसिडेंट बीना बाबा, जॉइंट सेक्रेटरी साक्षी जैन, और कोषाध्यक्ष नीता सूद उपस्थित रहीं। साथ ही गायक राज ने अपने गीतों पर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। सभी ने इस यादगार आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया।



-लक्की भट्टी



# जीएसटी रिफंड को लेकर उत्पाद व कराधान विभाग ने स्पष्ट की स्थिति, दिसंबर में 226.86 करोड़ रुपए के रिफंड जारी

## 1 से 16 दिसंबर के बीच 799 मामलों में रिफंड स्वीकृत, मिशन मोड में चल रहा निपटान

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

17 दिसंबर को प्रकाशित एक समाचार रिपोर्ट के मद्देनज़र पंजाब के उत्पाद एवं कराधान विभाग ने जीएसटी रिफंड को लेकर सही और अद्यतन स्थिति स्पष्ट की है। विभाग ने कहा है कि वह जीएसटी रिफंड दावों के निपटान को लेकर लगातार सक्रिय और प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है और दिसंबर माह में इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, 1 दिसंबर से 16 दिसंबर 2025 के बीच पूरे पंजाब में 799 जीएसटी रिफंड आदेश जारी किए गए, जिनकी कुल राशि 226.86 करोड़ रुपये है। इनमें से 581 मामलों में 193.01 करोड़ रुपये राज्य जीएसटी रिफंड के रूप में स्वीकृत किए गए, जबकि 218 मामलों में 33.85 करोड़ रुपये केंद्रीय जीएसटी रिफंड के तौर पर मंजूर किए गए। उत्पाद एवं कराधान विभाग ने दोहराया कि समयबद्ध रिफंड प्रक्रिया और पारदर्शिता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। लंबित रिफंड मामलों के शीघ्र निपटान के लिए दिसंबर माह में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रिफंड स्वीकृति की प्रगति पर विभागीय और जिला स्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि पात्र करदाताओं को बिना किसी देरी के लाभ मिल सके। विभाग ने सभी करदाताओं और हितधारकों को आश्वस्त किया कि जीएसटी रिफंड प्रक्रिया मिशन मोड में पूरी प्रतिबद्धता के साथ संचालित की जा रही है, ताकि व्यापारियों और उद्योग जगत को समय पर वित्तीय राहत प्रदान की जा सके। विभाग ने कहा कि वह अपने सभी कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। साथ ही, उत्पाद एवं कराधान विभाग ने सूचनाओं के प्रसार में मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए अनुरोध किया है कि किसी भी समाचार के प्रकाशन से पूर्व आधिकारिक स्रोतों से तथ्यों की पुष्टि अवश्य की जाए, ताकि करदाताओं के बीच किसी भी प्रकार की गलतफहमी या भ्रम की स्थिति न बने।

**श्रद्धा** विधायक ग्रेवाल, चेयरमैन भिंडर, भाजपा नेता जतिंदर मित्तल हुए भागवत कथा में शामिल

# साप्ताहिक भागवत पुराण का हवन यज्ञ के बाद हुआ समापन

**दलजीत विक्की | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

पिछले सात दिनों जमालपुर की एच ई कालोनी में चल रही भागवत कथा का आज समापन हवन यज्ञ की पूर्ण आहुति के साथ हो गया। इस दौरान हवन यज्ञ में यजमान के तौर पर इंप्रूवमेंट के ट्रस्टी संदीप मिश्रा और उनकी पत्नी अलका मिश्रा ने सहपरिवार करवाई।वही इस हुए हवन यज्ञ में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित इलाका वासियो ने आहुति डाली।और अंत में आए हुए सभी श्रद्धालुओ को भोग लगा फल और मिठाई का प्रसाद वितरित कर लंगर खिलाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पंडित शिव मिश्र और अखिलेश मिश्रा ने प्रातःवह रखे कलश का पूजन कर भागवत पुराण की पूजा अर्चना की।उसके बाद डेढ़ घंटे तक चले हवन यज्ञ में मिश्रा परिवार सहित सैकड़ो इलाका वासियो ने आहुति डाली और अंत में पूर्ण आहुति के बाद हवन यज्ञ संपन्न हुआ। इस दौरान विशेष तौर पर हल्का पूर्वी के विधायक दलजीत ग्रेवाल भोला,इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन तरसेम सिंह भिंडर,प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष जतिंदर मित्तल,नशा मुक्ति मोर्चा पंजाब के इंचार्ज आसित्य कुमार,पार्षद अमरजीत सिंह,पार्षद निधि गुप्ता, ने कथा पहुँच भागवत पुराण के आगे नतमस्तक हुए।इस दौरान आए हुए अतिथियों को कथा वाचक अखिलेश मिश्रा ने सिरोपा पहना सम्मानित किया।

आज इस मौके पर इम्प्रोवमेंट ट्रस्ट के ट्रस्टी संदीप मिश्रा,ट्रस्टी बलवीर चौधरी, जसपाल सिंह, मोहित मित्तल, अजय मित्तल, संदीप कुमार सिप्पी, दलजीत डोगरा, अनुज मिश्रा, उषा मिश्रा, अंकुर मिश्रा, आशु मिश्रा, मीनू मिश्रा, तजिंदर कौर, पूजा बांसल, ऋचा मिश्रा, विकास सिंह, रीमा सन्नन, शालिनी कौर, गुरनीत कौर, प्रिया बांसल, आनंद मिश्रा, आदेश सिंघल, सुलोचना शर्मा भोली, अरविंद मिश्रा, अतुल मिश्रा, विशाल बजाज, शिवानी मिश्रा कुमार, अभिषेक कुमार, पवन कुमार शैली, सहित सैकड़ो की गिनती में लोग उपस्थित थे।



हवन यज्ञ में आहुति डालते संदीप मिश्रा और समूह इलाकावासी। -इक़बाल हैप्पी

### 30 वर्ष से विकास कार्यो में पिछड़ा रहा विधानसभा उत्तरी

# कुंदन पुरी, प्रेम नगर में सड़कों के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया



**समर न्यूज़ | लुधियाना**

विधायक मदन लाल बग्गा व मेयर इंद्रजीत कौर ने संयुक्त रुप से वार्ड-70 स्थित वधवा स्ट्रीट, गांधी स्ट्रीट, कुंदन पुरी व प्रेम नगर की आर.एम.सी से बनने वाली सडक्रो के कार्य का शुभारंभ करवाया। विधायक बग्गा ने अपने विधायक कार्यकाल में हुए विकास कार्यो की जानकारी देते हुए कहा 30 वर्ष तक विकास कार्यो से पिछड़ा रहा विधानसभा उतरी पिछले साढ़े तीन वर्ष में विकास के रुप अग्रणी विधानसभा क्षेत्रों में शुमार हो चुका है। विधानसभा क्षेत्र के हर कोने, गली, मोहल्ले व सडक्रों पर आम आदमी पार्टी सरकार की तरफ से करवाए विकास की तस्वीरें देखने के मिल रही है। सुन्दर सडक्रे, स्वस्थ सीवरेज प्रणाली, निर्विघ्न वाटर सप्लाई सुनिश्चित हो चुकी है। बुड्ढे दरिया को गंदगी मुक्त करवा कर दोनो तरफ सडक्रों का जाल बिछाया जा रहा है। खेल पार्को का निर्माण करवा कर युवा पीढ़ी को नशे से मोड़ कर खेलों की तरफ आर्कषित किया जा रहा है। मेयर इंद्रजीत कौर ने विधायक बग्गा के विधानसभा उतरी को विकसित क्षेत्र बनाने के सपनों को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने खजाने के दरवाजे खोल दिए है। वार्ड-70 के स्थानीय पार्षद की सिफारिशो का जिक्र करते हुए उन्होने कहा विधायक बग्गा व नगर निगम बिना किसी भेदभाव के विकास को तरजीह दे रही है।

इस अवसर पर पार्षद सुमन वर्मा, वार्ड इंचार्ज बौबी शर्मा,पुनीत मनोचा, अनिल शर्मा, राहुल रुद्रा, सन्नी वासन, साहिल खुराना, अश्वनी सहोता, मदन लाल डाबर, सुरिन्द्र कुमार, डा.उमेश वधवा, अभय सहोता, ईशान शर्मा, राजू मनोचा, विशाल ग्रोवर, साहिल मनोचा, मनू कांसल, संगीता कांसल, कुणाल आहूजा, बृज दुआ,राजीव ।कंसल, जीसू सेठी व पवन कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 103